जागो जागो महाँकाली

धुन- नगर में जोगी आया
जागो जागो महाँकाली।
जागो जागो माँ भवानी।
द्वार पे, अलख जगा ली,
स्वर्ग बना है श्मशान, श्मशान,,,
'काली माँ, जागो माँ, काली माँ'।

चण्ड मुण्ड ने, हम देवों को,
"युद्ध में, मईया हराया"।
भाग फिरे हम, देवता सारे,
"वोह, उत्पात मचाया" ॥,,
जागो जागो महाँकाली,,,,F

ब्रह्मा विष्णु, शिव शँकर ने,
"अपने हाथ उठाए"।
वरदानी हैं, चण्ड मुण्ड माँ,
"वोह कुछ, कर न पाए" ॥,,
जागो जागो महाँकाली,,,,F

देवों का, आवाहन सुनकर,
"जागी, है माँ काली"।
चण्ड मुण्ड की, सब असुरों की,
"गर्दन, माँ ने उड़ाई" ॥,,
जागो जागो महाँकाली,,,,F

माँ के क्रोध ने, तीनों लोक में,
"हाहाकार मचाया"।
मार्ग में लेटे, शिव शँकर,
"छाती पैर धराया" ॥,,
जागी जागी महाँकाली।
जागी जागी माँ भवानी।
असुर की, सेना मिटा दी,
असुरों का किया, सर्वनाश, सर्वनाश,,,
'जय जय माँ, काली माँ, जय जय माँ' ॥।

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19416/title/jago-jago-mahakali

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |